**14/09/**2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम में 18,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रमुख बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के मिशन पर है और विदेशी ईंधन पर निर्भरता कम कर रहा है। उन्होंने आज दोपहर गोलाघाट जिले में भारत की पहली बांस आधारित जैव-रिफाइनरी का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने रिफाइनरी में एक पॉलीप्रोपाइलीन इकाई की आधारशिला भी रखी। इससे पहले दिन में, प्रधानमंत्री ने दरंग जिले में दरंग मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और जीएनएम स्कूल की आधारशिला रखी। उन्होंने उसी स्थल से ब्रह्मपुत्र नदी पर गुवाहाटी के नारेंगी और दरंग के कुरुवा को जोड़ने वाले एक नए पुल और गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना के निर्माण का भी वर्चुअल शुभारंभ किया।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की जलविद्युत यात्रा निरंतर गति पकड़ रही है। जलविद्युत की समीक्षा के लिए संचालन समिति की 9वीं बैठक शुक्रवार को ईटानगर में हुई। अपने संबोधन में, मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यान्वयन में तेजी लाने, स्थानीय समुदायों के लिए अवसरों का विस्तार करने और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि ये परियोजनाएँ लोगों को सीधे लाभान्वित करें।

इस बीच, श्री खांडू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि 2000 मेगावाट की लोअर सुबनसिरी परियोजना लगभग पूरी हो चुकी है, दो हजार आठ सौ अस्सी मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना आगे बढ़ गई है, और तीन हजार सत्तानबे मेगावाट की एटालिन परियोजना मंज़ूरी के दौर से आगे बढ़ चुकी है। दिबांग, लोहित, कामेंग, शि योमी और कामले जिलों में, अन्य परियोजनाएँ भी अनुमोदन और औपचारिकताओं के साथ तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

0000000000000000000

आज शाम ईटानगर राजधानी क्षेत्र (आईसीआर) और नाहरलागुन में तेज़ भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बीच, असम में शाम चार बजकर इकतालीस मिनट पर पांच दशमलव नौ तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। इसी तरह, शाम चार बजकर अट्ठावन मिनट पर असम में तीन दशमलव एक तीव्रता का एक और भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र उदालगुडी ज़िले से सोलह किलोमीटर दूरी पर है।

000000000000000000

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि जीएसटी 2.0 को त्योहारों से पहले हर भारतीय को लाभ पहुँचाने के लिए लागू किया गया था। आज चेन्नई में व्यापार एवं उद्योग संघ के एक संयुक्त सम्मेलन में अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लगभग निन्यानबे प्रतिशत वस्तुओं पर जीएसटी की दर बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत और अट्ठाईस प्रतिशत से घटाकर अट्ठारह प्रतिशत कर दी गई है।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त मंत्रालय को जीएसटी पर एक विशेष पैकेज लाने के लिए प्रोत्साहित किया; और अगली पीढ़ी के जीएसटी को परिषद के समक्ष रखे जाने से पहले काफी विचार-विमर्श के बाद पेश किया गया।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल गुवाहाटी, असम में आयोजित शताब्दी समारोह में प्रसिद्ध असमिया गायक-संगीतकार-निर्देशक, भारत रत्न, स्वर्गीय भूपेन हजारिका को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने हजारिका को एकता और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि हजारिका के संगीत ने पूरे भारत के लोगों को एकजुट किया और कठिन से कठिन समय में भी आशा की किरण जगाई। उन्होंने 100 रुपये का स्मारक सिक्का भी जारी किया और इक्कीस भाषाओं में हजारिका की जीवनी का विमोचन भी किया।

0000000000000000

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कल नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों का राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने की और इसमें अरुणाचल प्रदेश के कानून मंत्री केंटो जिनी सहित 8 राज्यों के मंत्रियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान, मंत्रालय ने अल्पसंख्यको का उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के लिए अपना पाँच वर्षीय रोडमैप प्रस्तुत किया।

श्री रिजिजू ने कहा कि एक नए दृष्टिकोण के साथ, नीतियों में बदलाव होंगे और विशेष रूप से अल्पसंख्यक युवाओं, महिलाओं और सभी समुदायों के लाभ के लिए पहलों को और अधिक गति से आगे बढ़ाया जाएगा। इस दौरान, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्रियों और सचिवों ने पूरे भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के कल्याण के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए अपने विचार और सुझाव साझा किए।

00000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र, ईटानगर (एमसी) ने अरुणाचल प्रदेश के 20 जिलों को येलो अलर्ट ज़ोन में रखने का अनुमान लगाया है। इन जिलों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

00000000000000000

राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कल नाहरलागुन में चल रहे राज्य कृषि सूचना केंद्र सह किसान होटल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि वे इस महत्वपूर्ण सुविधा की प्रगति देखकर उत्साहित हैं, जो आने वाले किसानों को बहुमूल्य कृषि जानकारी, प्रशिक्षण और आरामदायक आवास प्रदान करेगी।

0000000000000000000000

राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता पखवाड़ा 2025' पहल के तहत निरजुली में एक स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (NERIST) के लगभग 300 छात्रों, संकाय सदस्यों, 19वें IMC वार्ड के पार्षद और निरजुली मार्केट कल्याण समिति ने बागे तिनाली से करसिंगसा पुल तक सड़क के एक विशिष्ट हिस्से पर केंद्रित इस अभियान में भाग लिया।

0000000000000000000000

पुरुष क्रिकेट में, भारत आज शाम दुबई में चल रहे टी20 एशिया कप टूर्नामेंट के ग्रुप ए मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगा। मैच रात 8 बजे शुरू होगा।

00000000000000000000